आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 14.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भारतीय विमान बेड़े में मौजूद 34 बोइंग 787 विमानों की गहन जांच के आदेश दिये।
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में ''हर खेत को पानी अभियान'' के पहले चरण की सहायता राशि मंजूर–राज्य के 2 लाख से ज्यादा किसानों को फायदा मिलेगा।
- मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट यूजी 2025 के नतीजे जारी–हनुमानगढ़ के महेश केसवानी देश में पहले स्थान पर रहे।
- राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय–पांच संभागों में तेज़ हवा और बारिश का अलर्ट।

000

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने भारतीय विमान बेड़े में मौजूद 34 बोइंग 787 विमानों की विस्तारित जांच के आदेश दिये हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने बताया कि आज नई दिल्ली में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे की हर पहलू से जांच की जा रही है और तीन महीने में जांच प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। श्री नायडू ने कहा कि घटना की जांच के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति बनाई जा रही है।

उड्डयन मंत्री ने बताया कि जांच ब्यूरो ने विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया है। पीड़ितों की पहचान करने और उनके शव परिजनों को सौंपने के लिए डीएनए परीक्षण किए जा रहे हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से विभिन्न देशों की यात्रा पर रहेंगे। श्री मोदी साइप्रस से अपनी यात्रा की शुरूआत कर रहे हैं। दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ये पहली साइप्रस यात्रा होगी। यात्रा के दूसरे चरण में श्री मोदी कनाडा पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री वहां जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वहीं 18 जून को श्री मोदी क्रोएशिया जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पांच दिन की ये यात्राएं इन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेंगी।

000

प्रदेश में शुरू किये गये 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान' के तहत व्यापक स्तर पर गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनके माध्यम से जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार, साफ–सफाई और पानी बचाने का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज अजमेर में आना सागर झील पर श्रमदान किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी भी मुख्यमंत्री के साथ रहे। उधर, भरतपुर में अभियान के तहत पौधरोपण के लिए स्थान चिन्हित किये गये। हनुमानगढ जिले के गोलूवाला क्षेत्र में नहर की सफाई की गई। झालावाड़ में जल संरक्षण संवाद कार्यक्रम रखा गया। वहीं पाली में पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई। इसमें प्रतिभागियों ने स्वच्छता, वृक्षारोपण और पानी बचाने के लिए रंगों के जरिए जागरुकता संदेश दिया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने आज झुंझुनूं के मलसीसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा अभियान से प्रेरणा लेते हुए सभी को जल संचय का संकल्प लेना होगा।

..............
000

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल संसाधन विभाग को साढे सोलह करोड़ रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है। जल शक्ति मंत्रालय की ओर से ये राशि 'हर खेत को पानी अभियान के तहत' स्वीकृत की गई है। इससे कोटा, बूंदी और टोंक में 84 कार्यों को गति मिलेगी। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से अभियान में करीब 11 करोड़ रुपये की राशि जोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे सिंचाई सुविधाएं बढाने का काम किया जाएगा। 4 हजार 400 हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र फिर से क्रियाशील होने पर 2 लाख 16 हजार से अधिक किसानों को फायदा मिलेगा। साथ ही 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान के कामों में भी तेजी आएगी।

जल संसाधन मंत्री ने आज चूरू जिले के तारानगर में 312 करोड़ रुपये की लागत से किये गये नहरी विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि इससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

000

मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट यूजी 2025 के नतीजे आज जारी किये गये। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने ये परिणाम घोषित किया। इसमें हनुमानगढ़ जिले के महेश केसवानी पहले स्थान पर रहे हैं। उन्होंने पहले प्रयास में ये सफलता हासिल की है। महेश ने 720 में से 686 अंक प्राप्त कर देशभर में नाम रोशन किया है। वे नोहर के डबली राठान गांव के निवासी हैं। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 4 मई को हुई थी। इसमें 22 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए।

प्री–डीएलएड 2025 का परिणाम भी घोषित हो गया है। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने आज कोटा से ये नतीजे जारी किये। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की ओर से एक जून को ये परीक्षा आयोजित की गई थी।

000

राजस्थान राज्य अधीनस्थ सेवाएं मुख्य परीक्षा 2024 के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि कुल 1 हजार 96 पदों के लिए आर.ए.एस. मुख्य परीक्षा 17 और 18 जून को चार पारियों में होगी।

000

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के तहत आज दिल्ली में "योग कनेक्ट 2025" सम्मेलन रखा गया। विज्ञान भवन में हुए इस कार्यक्रम में देश विदेश के योग गुरूओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं की भागीदारी रही। इस वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज विश्व में योग का प्रचार हुआ है। भारत की इस अनमोल विरासत ने देश–दुनिया को कनेक्ट किया है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। आज इसमें सुनिये सीकर में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी और योग प्रशिक्षक सुमन भांभू का संदेश। इनका कहना है कि योग दिवस की इस बार की थीम के साथ हम सम्पूर्ण विश्व के स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। वहीं प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों और आस–पास के इलाकों में परिसंचरण तंत्र भी बना हुआ है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने आज बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। जोधपुर और बीकानेर संभाग के लिए येलो तथा जयपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के लिए ऑरेंज अलर्ट है। राज्य में आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रहने और 20 जून से इनमें बढोतरी की संभावना है। इससे तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट आने तथा हीटवेव से राहत मिलने के आसार हैं। इस दौरान तेज हवाएं चलने की भी संभावनाएं हैं। इस बीच, आज बांसवाड़ा, हनुमानगढ़, झालावाड़, बारां और श्रीगंगानगर सहित विभिन्न स्थानों पर मौसम बदला और गरज के साथ बारिश हुई। सादुलशहर के मोरजंडा में ओले भी गिरे। हालांकि हनुमानगढ और चूरू में आज प्रचंड गर्मी का असर रहा। हमारे चूरू संवाददाता ने बताया कि भीषण गर्मी से बेहाल लोग बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

000

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट आज से **राजस्थान रनवे फेस्ट** की मेजबानी कर रहा है। 22 जून तक चलने वाले इस उत्सव के माध्यम से राजस्थान की कला संस्कृति को बढावा दिया जाएगा। इस दौरान सूफी संगीत और विभिन्न लोक नृत्य शैलियों का प्रदर्शन देखा जा सकेगा। फेस्टिवल में विभिन्न राजस्थानी व्यंजनों के स्टॉल्स लगाए गये हैं। इन पर देशी–विदेशी यात्री और सैलानी एक ही स्थान पर प्रदेश के अलग–अलग अंचलों के परम्परागत व्यंजनों का ज़ायका ले सकेंगे।

000